दिनांक- 13/05/2025

सेवा में,

निदेशक
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें
देहरादून, उत्तराखण्ड

द्वारा- जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल

विषय- अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु प्रार्थना-पत्र

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थिनी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, दोन्दल (पौड़ी गढ़वाल) में कार्यरत है। उसके सास-ससुर, पति, बालक (7 वर्ष) ऋषिकेश में रहते है प्रार्थिनी स्वयं अभी मातृत्व अवकाश पर है उसकी 3 माह की बालिका है। प्रार्थिनी की सासू माँ अत्यधिक बीमार है (प्रमाण-पत्र संलग्न है) एवं अपने दैनिक कार्य करने में भी असमर्थ है उनकी देखभाल हेतु घर पर प्रार्थिनी के अतिरिक्त अन्य कोई नही है जिस हेतु प्रार्थिनी स्थानान्तरण चाहती है। पिछले वर्ष भी उसके द्वारा स्थानान्तरण हेतु प्रार्थना-पत्र दिया गया था परन्तु प्रार्थिनी का स्थानान्तरण राज० आयु० चिकि० मुस्टिकसौड़ (उत्तरकाशी) से राज० आयु० चिकि०, दोन्दल (पौड़ी गढ़वाल) कर दिया गया जबकि उसके द्वारा दोन्दल (पौड़ी गढ़वाल) विकल्प ही नही दिया गया था जिस कारण उसकी स्थिति वैसी की वैसी ही है। वह ऋषिकेश रह रही अपनी बीमार सासू माँ की न तो देखभाल कर पा रही है और न ही परिवार एवं छोटे बच्चो के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का वहन ही कर पा रही है।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थिनी का स्थानान्तरण संलग्न प्रारुप मे वर्णित किसी चिकित्सालय मे करने का कष्ट करे आपकी अति कृपा होगी। प्रार्थिनी एवं उसका परिवार आपका सदैव आभारी रहेगा।

भवदीया Rajani

डा० रजनी वर्मा सूर्यवंशी
चिकित्साधिकारी
राज० आयु० चिकि०, दोन्दल
पौड़ी गढ़वाल

संलग्नक-

1. स्थानान्तरण हेतु आवेदन-पत्र
2. मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत चिकित्सा प्रमाण-पत्र (17 पेज)
3. चिकित्सक परामर्श पत्र (1 से 16 पेज)